अल्को के सभी महत्वपूर्ण निर्णयों को आवधिक रूप में बोर्ड को रिपोर्ट किया जाता है। बैंक की तरलता आवश्यकताओं के निरंतर मूल्यांकन के लिए दैनिक/मासिक एलसीआर रिपोर्टिंग के अतिरिक्त बैंक दैनिक संरचनात्मक तरलता विवरण तैयार किया जाता है।

बैंक अनिवार्य आवश्यकताओं से अधिक एसएलआर निवेशों के रूप में एचक्यूएलए अनुरक्षित करता रहा है। भली भांति विविधीकृत खुदरा जमाएँ कुल निधीयन स्रोतों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। प्रबंधन का विचार है कि बैंक के पास संभावित भावी अल्पकालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त तरलता कवर उपलब्ध है।

ख. समेकित एलसीआर

31 मार्च 2015 को जारी किए गए पूरक दिशानिर्देशों के माध्यम से आरबीआई ने 1 जनवरी 2016 से समेकित स्तर पर एलसीआर लागू करना निर्धारित किया है। तदनुसार, एसबीआई समूह समेकित एलसीआर की गणना कर रहा है।

एलसीआर समूह में शामिल की गई संस्थाएं हैंः भारतीय स्टेट बैंक और आठ विदेशी बैंकिंग अनुषंगियांः बैंक एसबीआई बोत्सवाना लि., कोमर्शियल इंडो बैंक एलएलसी, मॉस्को, नेपाल एसबीआई बैंक लि., स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया), एसबीआई कनाडा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (मारीशस) लि., पीटी बैंक एसबीआई इन्डोनेशिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लि।

जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2020 तीन महीनों के औसत के आधार पर 31 मार्च 2020 को भारतीय स्टेट बैंक समूह का एलसीआर 144.09% बैठता है।

चलनिधि कवरेज अनुपात

भारतीय स्टेट बैंक समूह

(₹ करोड़ में)

		मार्च 2020 तिमाही की समाप्ति पर		31 दिसंबर, 2019 तिमाही की समाप्ति पर		30 सितंबर, 2019 तिमाही की समाप्ति पर		30 जून, 2019 तिमाही की समाप्ति पर		31 मार्च, 2019 तिमाही की समाप्ति पर	
	एलसीआर घटक	कुल अभारित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल अभारित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल अभारित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल अभारित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)	कुल अभारित मूल्य (औसत)	कुल भारित मूल्य (औसत)
	उच्च गुणवत्ता वाली तरल आस्तियाँ										
1	कुल उच्च गुणवत्ता वाली तरल आस्तियां (एचक्यूएएल)		8,97,905		8,60,122		7,81,476		7,17,540		7,01,837
	नकदी बहिर्गमन										
2	फुटकर जमाराशियां और लघु व्यवसाय ग्राहकों से प्राप्त जमाराशियां जिनमें:										
(i)	स्थिर जमाराशियाँ	3,23,204	16,160	3,37,819	16,891	3,36,278	16,814	3,32,633	16,632	3,30,107	16,505
(ii)	कम स्थिर जमा राशियाँ	20,39,846	2,03,985	20,02,188	2,00,219	19,27,051	1,92,705	18,90,551	1,89,055	18,59,217	1,85,922
3	अप्रतिभूत थोक निधीयन जिनमें से:										
(i)	परिचालन जमा राशियाँ (सभी प्रतिपक्षकार)	882	220	939	235	822	205	1,024	256	1,333	333
(ii)	गैर-परिचालन जमाराशियाँ (सभी प्रतिपक्षकार)	7,29,630	4,43,520	6,86,540	4,06,511	6,79,780	4,05,906	6,67,367	3,98,988	6,37,579	3,75,202
(iii)	अप्रतिभूत उधार	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
4	प्रतिभूत थोक निधीयन	1,721	87	128	-	163	-	23,601	9	72,120	54
5	अतिरिक्त आवश्यकताएँ, जिनमें से:										
(i)	डेरिवेटिव एक्सपोजर और अन्य संपार्श्विक आवश्यकताओं से संबंधित बहिर्गमन	1,56,243	1,56,243	1,39,379	1,39,379	1,36,480	1,36,480	1,56,236	1,56,236	1,70,834	1,70,834
(ii)	उधार उत्पादों पर निधीयन की हानि से संबंधित बहिर्गमन	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(iii)	ऋण एवं तरलता सुविधाएं	44,002	7,007	48,086	7,707	44,661	7,409	44,642	7,334	41,230	6,839
6	अन्य संविदागत निधीयन दायित्व	36,069	36,069	34,086	34,086	32,662	32,662	31,404	31,404	36,556	36,556
7	अन्य आकस्मिक निधीयन दायित्व	5,58,222	20,021	5,68,053	20,308	5,48,431	19,576	5,55,308	20,017	5,74,764	21,000
8	कुल नकदी बहिर्गमन	38,89,820	8,83,313	38,17,217	8,25,335	37,06,328	8,11,757	37,02,767	8,19,930	37,23,741	8,13,245
	नकदी अंतर्वाह										
9	प्रतिभूति ऋणान्वयन (उदाहरणार्थ प्रतिवर्ती रेपों)	48,756	-	41,132	-	42,876	-	6,415	-	7,938	-
10	पूर्णतः निष्पादन करने वाले एक्सपोजर से अंतर्वाह	2,46,736	2,24,450	2,15,832	1,98,971	2,06,377	1,88,101	2,25,721	2,06,750	2,44,205	2,24,094
11	अन्य नकदी अंतर्वाह	43,430	35,712	51,102	43,069	53,894	45,051	50,368	42,344	38,892	31,972
12	कुल नकदी अंतर्वाह	3,38,922	2,60,162	3,08,066	2,42,039	3,03,148	2,33,152	2,82,504	2,49,094	2,91,034	2,56,066
13	कुल एचक्यूएलए		8,97,905		8,60,122		7,81,476		7,17,540		7,01,837
14	कुल निवल नकदी बहिर्गमन		6,23,152		5,83,296		5,78,605		5,70,836		5,57,179
15	चल निधि सुरक्षा अनुपात (%)		144.09%		147.46%		135.06%		125.70%		125.96%

नोट 1 : 3 महीने के मासिक औसत डेटा विदेशी बैंकिंग अनुषंगियों के समझे गए हैं और दैनिक औसत एसबीआई (एकल) के लिए समझा गया है।

समूह अनिवार्य आवश्यकताओं से अधिक एसएलआर निवेशों के रूप में एचक्यूएलए अनुरक्षित कर रहा है। भली भांति विविधीकृत खुदरा जमाएँ कुल निधीयन स्त्रोतों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। प्रबंधन का विचार है कि बैंक के पास संभावित भविष्यत अल्पकालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त तरलता कवर उपलब्ध है।

20. वर्ष के दौरान रिपोर्ट की गई धोखाधड़ियाँ तथा किए गए प्रावधान

वर्ष के दौरान रिपोर्ट की गई कुल 6,964 मामलों में ₹44,622.45 करोड़ की धोखाधड़ियों (पिछला वर्ष 2,616 मामलों में ₹12,387.13 करोड़) में से 651 मामलों में ₹12,310.90 करोड़ (पिछला वर्ष 581 मामलों में ₹ 12,310.90 करोड़) अग्रिमों को धोखाधड़ियाँ घोषित किया गया है। वर्ष के दौरान धोखाधड़ी के रूप में घोषित अग्रिम खाते को छोड़कर वर्ष के दौरान सूचित धोखाधड़ी के संबंध में 31 मार्च 2020 तक बकाया शेष राशि के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है जहाँ बैंक ने चार तिमाहियों में प्रावधान करने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 18 अप्रैल 2016 के परिपत्र डीबीआर.क्र.बीपी.बीसी.92/21.04.048/2015-16 में दिए गए निदेशों के अनुसार 31 मार्च 2020 की ₹ 5,230.37 करोड़ की गैर -परिशोधित प्रावधान राशि को "अन्य प्रावधान" को नामें और ऋण को "प्रावधान" में जमा किया गया है।

21. अंतर कार्यालय खाते

शाखाओं, नियंत्रक कार्यालयों और स्थानीय प्रधान कार्यालयों तथा कारपोरेट केंद्र की संस्थापनाओं के बीच अंतर कार्यालय खातों का निरंतर आधार पर समाधान किया जा रहा है तथा चालू वर्ष के लाभ और हानि खाते की राशि पर इसका कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की आशा नहीं है।

22. पुनर्संरचना कंपनियों को आस्तियों की बिक्री

वर्ष के दौरान पुनर्संरचना कंपनियों को आस्तियों की बिक्री के कारण हुई ₹0.84 करोड़ (पिछला वर्ष ₹173.37 करोड़) कमी को चालू वर्ष में प्रभारित किया गया है।

23. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र क ऋणान्वयन प्रमाणपत्र (पीएसएलसी)

वर्ष के दौरान बैंक ने निम्नलिखित पीएसएलसी की खरीदारी की है :-

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	श्रेणी	चालु वर्ष	पिछला वर्ष
1.	पीएसएलसी सूक्ष्म उद्यम	47,525.75	16,272.75
2.	पीएसएलसी कृषि	-	1,223.00
3.	पीएसएलसी सामान्य	30,451.25	33,557.50
4.	पीएसएलसी लघु एवं सीमांत किसान	9,352.00	553.00
	योग	**87,329.00**	**51,606.25**

31 मार्च 2020 तथा 31 मार्च 2019 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान बैंक ने किसी भी पीएसएलसी की बिक्री नहीं की है।

24. प्रतिचक्रीय प्रावधानीकरण बफर (सीसीपीबी)

""अस्थायी प्रावधानों/प्रतिचक्रीय प्रावधानीकरण बफर के उपयोग" पर अपने परिपत्र संख्या डीबीआर.संख्या बीपी. बीसी. 21.04.048/2014-15 दिनांक 30 मार्च 2015 के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के लिए विशिष्ट प्रावधान करने हेतु 31 दिसंबर 2014 को बैंकों द्वारा रखे गए सीसीपीबी के 50% को उपयोग में लाने की अनुमति दी गई।

वर्ष के दौरान बैंक ने एनपीए के लिए विशिष्ट प्रावधानों हेतु सीसीपीबी का उपयोग नहीं किया है।

25. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परिपत्र संख्या डीबीआर. क्र. बीपी 15199/21.0404-B/2016-17 तथा डीबीआर बीपी 1906/21.4048/2017-18 दिनांक 23 जून 2017 और 28 अगस्त 2017 के अग्रसर दिवाला और दिवालीया पत्र अस्ति (आईबीसी) के प्रावधानों के आधीन खातो कें लिए बैंक के द्वारा ₹ 5761.46 करोड़ की राशि का प्रावधान कल बकाया राशि 93.53% में दिनांक 31 मार्च 2020 तक की स्थिति के अनुसार किया गया है।

26. बैंक ने 01 नवम्बर 2017 से प्रभावी तौर पर संचीवन के अथीन देय वेतन के लिए ₹ 2,999.00 करोड़ रुपयों (31 मार्च 2020 तक संचयी ₹ 8,64241 करोड़) की राशि का प्रावधान किया है।

27. अनुसूची 14 के तहत निवेश की विक्री (निवल) पर लाभ/(हानि) क संबंध में अन्य आय में निम्न लिखित शामिल है।

- बैंक की अनुषंगी एसबीआई लाइक इंसुरैंस कंपनी लिमिटेड में निवेश के कुछ हिस्से की विक्र पर ₹ 3,484.30 करोड़
- बैंक की अनुषंगी एसबीआई कार्ड्स एंड पेमैंट सर्विसेस लि. में निवेश के कुछ हिस्से की बिक्री पर ₹ 42 2731.34 करोड़

28. **तनावग्रस्त आस्तियों का समाधान:** बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 7 जून 2019 के परिपत्र डीबीआर क्र.बीपी.बीसी. 45/21.04.048/2018-19 के अनुसार अपने 9 उधारकर्ताओं के लिए समाधान योजना को कार्यान्वित किया है, जिनसे 31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार ₹ 14,487.28 करोड़ का जोखिम है।

इसके अलावा बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 17 अप्रैल 2020 के परिपत्र डीओआर. क्र. बीपी.बीसी.62/21.04.048/2019-20 में निहित शर्तों के अनुसार अपने 4 उधारकर्ताओं की समाधान अवधि को बढ़ा दिया है, जिनकी 31 मार्च 2020 तक की स्थिति के अनुसार जोखिम राशि रु. 1006.91 करोड़ रुपए है।

29. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिनांक 19 मई 2020 के अपने ई-मेल द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को यह निदेश दिए गए हैं कि वर्ष 2019-20 के लिए स्वतंत्र लेखा परीक्षा रिपोर्ट में निहित "क्या बैंक के पास वित्तीय विवरणों और ऐसे नियंत्रणों की संचालन प्रभावशीलता के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हैं" की रिपोर्टिंग को वैकल्पिक कर दिया है।

बैंक ने वित्त वर्ष 2020-2021 से इस अपेक्षा को पूरा करने का विकल्प लिया है।

30. दुनिया भर में कोविड-19 के प्रसार के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई है और वित्तीय बाजारों की अस्थिरता में वृद्धि हुई है। इस स्थिति में, हालांकि, चुनौतियों का सामना करना जारी है, बैंक इसे पूरा करने के लिए सभी मोर्चों पर खुद को तैयार कर रहा है । स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और बैंक अनवरत आधार पर स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है। बैंक के लिए बड़ी चुनौतियां विस्तारित कार्यशील पूंजी चक्र और नकदी प्रवाह को कम करने से पैदा होंगी । इन शर्तों के बावजूद, बैंक की तरलता और लाभप्रदता पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 27 मार्च 2020 की अधिसूचना क्र. डीओआर. क्र. बीपी.बीसी.47/21.04.048/2019-20 में कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों से बढ़े ऋण के ब्याज के बोझ को कम करने और व्यवहार्य व्यवसाय निरंतरता सुनिश्चित करने के उपायों की घोषणा की है। इन उपायों में भुगतान अवधि के ऋणों और कार्यशील पूंजी सुविधाओं का पुनर्निर्धारण, विशेष उल्लिखित खातों (एसएमए) के रूप में कार्यशील पूंजी वित्तपोषण वर्गीकरण को आसान बनाना और गैर-अनर्जक आस्तियां आदि शामिल हैं। तदनुसार बैंक द्वारा निम्नलिखित प्रावधान किए गए हैं :

- 6250 करोड़ रुपए के बकाया वाले उन खातों के लिए 15% की दर से 938 करोड़ रुपए का प्रावधान जो 29 फरवरी 2020 तक मानक खाते थे, लेकिन 31 मार्च 2020 तक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उपलब्ध राहत को हिसाब में न लेने पर 31 मार्च 2020 तक अनर्जक आस्ति/अवमानक श्रेणी में आ गए होंगे।
- उपर्युक्त खातों के संबंध में, 234 करोड़ रुपए की ब्याज आय को परिचालन लाभ में हिसाब में लिया गया है, पर मानक आस्तियों के लिए 234 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है।

31. बैंक ने बाहरी स्वतंत्र मूल्यांककों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर 30 जून 2019 (इससे पूर्व जून 2016 में पुनर्मूल्यांकन किया गया था) को अचल आस्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया है और 31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार पुनर्मूल्यांकन (निवल राशि सामान्य आरक्षित निधि को अंतरित की गई) आरक्षित निधि का इति शेष ₹23,762.67 करोड़ रुपए है (पिछले वर्ष ₹ 24,653.94 करोड़)

32. वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनः समूहन/पुनर्वर्गीकरण किया गया है। ऐसे मामलों में जहां भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों/लेखा मानकों के संदर्भ में पहली बार आंकड़ें दर्शाए गए हैं, वहाँ पिछले वर्षों के आंकड़ों का उल्लेख नहीं किया गया है।

भारतीय स्टेट बैंक

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

(000 को छोड़ दिया गया है)

विवरण		31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
परिचालन कार्यकलाप से नकदी प्रवाह			
कर पूर्व निवल लाभ / हानि		25062,76,50	1607,48,31
समायोजन :			
अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास		3303,81,33	3212,30,65
अचल आस्तियों के विक्रय पर (लाभ) / हानि (निवल)		28,37,38	34,98,24
निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर (लाभ) / हानि (निवल)		-	2124,03,82
अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों, सहयोगियों में किए गए निवेशों की बिक्री पर (लाभ)/हानि		(6215,64,59)	(473,12,00)
अनर्जक आस्तियों और उचित मूल्य में आई कमी के लिए प्रावधान		42775,96,26	54529,06,14
मानक आस्तियों पर प्रावधान		(877,40,17)	(74,55,42)
निवेशों पर मूल्यह्रास / (मूल्यवृद्धि) के लिए प्रावधान		538,55,05	(762,09,23)
आकस्मिक देयताओं के लिए प्रावधान सहित अन्य प्रावधान		632,73,80	136,12,79
अनुषंगियों / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेश से आय		(212,03,35)	(348,01,18)
पूंजीगत लिखतों पर प्रदत्त ब्याज		4781,23,16	4112,28,55
		69818,35,37	64098,50,67
समायोजन :			
जमाराशियों में वृद्धि / (कमी)		330234,72,36	205042,72,57
पूंजीगत लिखतों के अलावा उधार राशियों में वृद्धि / (कमी)		(96690,16,61)	37722,44,37
अनुषंगियों / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेशों को छोड़कर अन्य निवेशों में (वृद्धि) / कमी		(74335,04,91)	94719,11,74
अग्रिमों में (वृद्धि) / कमी		(182188,60,56)	(305525,79,00)
अन्य देयताओ में वृद्धि / (कमी)		13206,59,82	(21247,50,61)
अन्य आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(21255,66,60)	(33604,14,67)
		38790,18,87	41205,35,07
कर वापसी / (प्रदत्त कर)		(13102,32,71)	(6577,83,79)
परिचालन कार्यकलाप से उत्पन्न / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(क)**	**25687,86,16**	**34627,51,28**
निवेश कार्यकलाप से नकदी प्रवाह			
अनुषंगियो / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेशों में (वृद्धि) / कमी		(6136,07,14)	(2116,29,59)
अनुषंगियो / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों में किए गए निवेशों की बिक्री पर लाभ/(हानि)		6215,64,59	473,12,00
अनुषंगियो / संयुक्त उद्यमों / सहयोगियों के निवेशों से आय		212,03,35	348,01,18
अचल आस्तियों में (वृद्धि) / कमी		(3268,37,96)	(2663,43,31)
निवेश कार्यकलाप से उत्पन्न / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(ख)**	**(2976,77,16)**	**(3958,59,72)**

(000 को छोड़ दिया गया है)

विवरण		31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
वित्तपोषण कार्यकलाप से नकदी प्रवाह			
शेयर प्रीमियम सहित इक्विटी शेयर के निर्गम से प्राप्त राशि (निवल)		-	(8,74,21)
पूंजीगत लिखतों का निर्गम / (मोचन)		8133,40,00	3033,20,00
पूंजीगत लिखतों पर ब्याज		(4781,23,16)	(4112,28,55)
लाभांशों पर कर सहित प्रदत्त लाभांश		-	-
वित्तपोषण कार्यकलाप से प्राप्त / (में प्रयुक्त) निवल नकदी	**(ग)**	**3352,16,84**	**(1087,82,76)**
अंतरण आरक्षित निधियों पर विनिमय परिवर्तनों का प्रभाव	**(घ)**	**2543,63,55**	**1010,38,16**
नकदी एवं नकदी समतुल्यों में निवल वृद्धि / (कमी)	**(क)+(ख)+(ग)+(घ)**	**28606,89,39**	**30591,46,96**
वर्ष के प्रारंभ में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**222490,11,15**	**191898,64,19**
वर्ष के अंत में नकदी एवं नकदी समतुल्य		**251097,00,54**	**222490,11,15**
टिप्पणी :			
(1) नकदी और नकदी समतुल्यों के घटकों की स्थिति :		**31.03.2020**	**31.03.2019**
नकदी और भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियां		166735,77,90	176932,41,75
बैंकों के पास जमाराशियां और मांग एवं अल्पसूचना पर प्राप्य राशि		84361,22,64	45557,69,40
		251097,00,54	**222490,11,15**
(2) परिचालन गतिविधियों से प्राप्त नकदी प्रवाह को अप्रत्यक्ष पद्धति से रिपोर्ट किया गया।			

श्री चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी
प्रबंध निदेशक
(रिटेल एवं डिजिटल बैंकिंग)

श्री अरिजित बसु
प्रबंध निदेशक
(सीसीजी एवं आईटी)

श्री दिनेश कुमार खारा
प्रबंध निदेशक
(ग्लोबल बैंकिंग एवं अनुषंगियां)

निदेशक:	**स्थान:**
श्री संजीव मल्होत्रा	उदगमंडलम
श्री भास्कर प्रामाणिक	नई दिल्ली
श्री बसंत सेठ	कानपुर
डॉ. पुष्पेंद्र राय	नई दिल्ली
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता	नई दिल्ली
श्री बी. वेणुगोपाल	मुंबई
श्री चंदन सिन्हा	मुंबई
श्री देवाशीष पांडा	नई दिल्ली
श्री संजीव महेश्वरी	मुंबई

श्री रजनीश कुमार
अध्यक्ष

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05 जून, 2020

इसी तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते जे.सी. भल्ला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

राजेश सेठी
भागीदार: स. क्र. 085669
फर्म पंजी सं. 001111 एन
स्थान: नई दिल्ली

कृते रे एंड रे
सनदी लेखाकार

अरविन्द नारायण येन्नमडी
भागीदार: स.क्र. 031004
फर्म पंजी सं.301072 ई
स्थान: मुंबई

कृते के. वेंकटाचलम अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ए. गोपालकृष्णन
भागीदार: स.क्र. 018159
फर्म पं.क्र.004610 एस
स्थान: एर्नाकुलम

कृते जी.पी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

सुनीता केडिया
भागीदार: स.क्र. 60162
फर्म पं.क्र. 302082 ई
स्थान: कोलकाता

कृते उमामहेश्वर राव एंड कं.
सनदी लेखाकार

जी. शिव रामकृष्णा प्रसाद
भागीदार: स.क्र. 024860
फर्म प. क्र. 004453 एस
स्थान: हैदराबाद

कृते चतुर्वेदी एंड शाह एलएलपी
सनदी लेखाकार

विठेश डी. गांधी
भागीदार: स.क्र. 110248
फर्म पं.क्र.101720 डबल्यू / डबल्यू 100355
स्थान: मुंबई

कृते ओ.पी. तोतला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

एस.आर. तोतला
भागीदार: स.क्र. 071774
फर्म पं.क्र. 000734 सी
स्थान: इन्दौर

कृते एस.के. कपूर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

वी. बी. सिंह
भागीदार: स.क्र. 073124
फर्म पं.क्र. 000745 सी
स्थान : कानपुर

कृते एससीवी एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार

संजय वासुदेवा
भागीदार: स.क्र. 090989
फर्म पं.क्र. 000235 एन / एन500089
स्थान: नई दिल्ली

कृते खंडेलवाल जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार

पंकज जैन
भागीदार: स.क्र. 48850
फर्म प. क्र. 105049 डबल्यू
स्थान: मुंबई

कृते एस. के. मित्तल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

एस मूर्ति
भागीदार: स.क्र. 072290
फर्म पं.क्र. 001135 एन
स्थान: नई दिल्ली

कृते एन.सी. राजगोपाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

वी. चंद्रशेखरन
भागीदार: स.क्र. 024844
फर्म पं.क्र. 003398 एस
स्थान: चेन्नई

कृते कर्णावट एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

विरल जोशी
भागीदार: स.क्र. 137686
फर्म पं.क्र.104863 डबल्यू
स्थान: मुंबई

कृते शाह गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

विपुल के चोकसी
भागीदार: स.क्र. 37606
फर्म पं.क्र.109574 डबल्यू
स्थान: मुंबई

दिनांक: 5 जून 2020

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति
भारत के राष्ट्रपति,

केवल बैंक के वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

अभिमत

1. हमने भारतीय स्टेट बैंक ("बैंक") के संलग्न केवल बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2020 के तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि खाते तथा नकदी प्रवाह विवरण, केवल बैंक के वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियाँ एवं महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश तथा इसी तारीख को समाप्त वर्ष की निम्नलिखित की विवरणियों के साथ-साथ अन्य विवरणात्मक सूचना शामिल है:

i. केंद्रीय कार्यालय, 17 स्थानीय प्रधान कार्यालय, 1 प्रशासनिक कार्यालय एवं व्यवसाय इकाई, विश्व बाजार इकाई, अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय समूह, कॉरपोरेट लेखा समूह (केंद्रीय), वाणिज्यिक ग्राहक समूह (केंद्रीय), तनावग्रस्त आस्ति समाधान समूह (केंद्रीय), केंद्रीय लेखा कार्यालय और 42 शाखाओं की, जिनकी लेखापरीक्षा हमने की है;

ii. 9135 भारतीय शाखाएं, जिनकी लेखापरीक्षा उनके सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों ने की है;

iii. विदेश स्थित 34 शाखाएं जिनकी लेखा-परीक्षा स्थानीय लेखा-परीक्षकों ने की है।

हमारे एवं अन्य लेखा-परीक्षकों द्वारा लेखा-परीक्षित शाखाओं का चयन बैंक द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। तुलनपत्र, लाभ-हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण में उन 14021 भारतीय शाखाओं (अन्य लेखा इकाइयों सहित) की विवरणियां तथा वे जो लेखापरीक्षा के विषय नहीं थे, भी शामिल हैं। इन अलेखापरीक्षित शाखाओं का हिस्सा अग्रिमों में 9.54 प्रतिशत, जमाराशियों में 24.70 प्रतिशत, ब्याज आय में 10.98 प्रतिशत तथा ब्याज व्ययों में 23.37 प्रतिशत है।

हमारे अभिमत में तथा जहाँ तक हमें जानकारी है व हमें दी गई विवरणात्मक जानकारी के अनुसार, उपर्युक्त केवल बैंक के वित्तीय विवरणों में बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (दोनों इसमें "अधिनियम" के रूप में उल्लिखित) के अंतर्गत अपेक्षित जानकारी बैंक द्वारा उसी ढंग से दी गई है जैसी उससे अपेक्षित है और यह भारत में सामान्यतया मान्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप है और इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

क. 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र में बैंक की सही और उचित स्थिति;

ख. इसी तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ व हानि खाते में लाभ की सही जानकारी;

ग. इसी तारीख को समाप्त वर्ष के नकदी प्रवाह विवरण की सही और उचित स्थिति

अभिमत का आधार

2. हमने अपनी लेखा परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार पूरी की है। इन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों की और अधिक जानकारी हमारी रिपोर्ट के केवल बैंक के वित्तीय विवरणों के 'लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियां' भाग में दी गई है। आईसीएआई द्वारा जारी आचार संहिता और अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संबंधित नैतिक अपेक्षाओं के अनुरूप स्वतंत्र रूप से की गई है। हमने इन अपेक्षाओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों का पालन किया है। हम आश्वस्त हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं अपना अभिमत देने के लिए वे पर्याप्त और उचित आधार प्रस्तुत करते हैं।

मामले पर ज़ोर

3. हम आपका ध्यान कोविद-19 महामारी के प्रभाव के संबंध में समेकित वित्तीय विवरण की अनुसूची 18 के नोट क्रमांक 10.30 की ओर आकर्षित करते हैं। स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और बैंक चुनौतियों के संबंध में निरंतर आधार पर स्थिति का मूल्यांकन कर रहा है ।

इस मामले में हमारे अभिमत में संशोधन नहीं किया गया है।

महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले

4. महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं जो हमारे व्यावसायिक विवेक के अनुसार 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के केवल बैंक के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। केवल बैंक के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के परिप्रेक्ष्य में इन मामलों का समग्र रूप से समाधान कर लिया गया है और इनके बारे में जानकारी हमने अपने अभिमत में शामिल कर ली है और हमने इन मामलों पर कोई अलग अभिमत नहीं दिया है। हमने निम्नलिखित मामलों का आकलन अत्यंत महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले के रूप में अपनी रिपोर्ट में किया है:

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षकों का उत्तर
i	अग्रिमों का वर्गीकरण, आय निर्धारण और अनर्जक अग्रिमों की पहचान एवं उनके लिए प्रावधान (वित्तीय विवरणों की अनुसूची 17 की टिप्पणी 3 के साथ पठित अनुसूची 9 को देखें) अग्रिमों में खरीदे गए एवं भुनाए गए बिल, कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट, मांग पर देय ऋण तथा मीयादी ऋण शामिल हैं। इन्हें आगे मूर्त आस्तियों (बही ऋणों के प्रति ऋण सहित), बैंक/सरकारी गारंटी युक्त एवं प्रतिभूति रहित अग्रिम के रूप में वर्गीकृत किया गया है।	हम अग्रिमों की लेखापरीक्षा आय निर्धारण एवं आस्ति वर्गीकरण मानदंडों एवं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी किए गए अन्य संबंधित परिपत्रों/निदेशों तथा बैंक की आंतरिक नीतियों एवं कार्यविधियों के अनुसार करते हैं। हमारी लेखापरीक्षा में ये भी शामिल हैं : क. हमें लेखापरीक्षा के लिए आबंटित शाखाओं के संबंध में आय निर्धारण एवं आस्ति वर्गीकरण मानदंडों के अनुसार आय निर्धारण, अर्जक और अनर्जक अग्रिम के रूप में वर्गीकरण तथा प्रावधान करने के लिए सिस्टम में दर्ज किए गए आंकड़ों की यथार्थता;

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षकों का उत्तर
	अग्रिमों में बैंक की कुल परिसंपत्तियों का हिस्सा 58.85% है। इन पर अन्य बातों के साथ-साथ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधान मानदंड तथा अन्य परिपत्र और निदेश लागू होते हैं। इनमें अग्रिमों के अर्जक और अनर्जक वर्गीकरण संबंधी दिशानिर्देश दिए गए हैं, सिवाय विदेश स्थित कार्यालयों, अग्रिम वर्गीकरण और उनके प्रावधानीकरण स्थानीय विनियमों और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। बैंक इन अग्रिमों का वर्गीकरण अपनी लेखांकन नीति सं.3 के अनुसार आय निर्धारण एवं आस्ति वर्गीकरण मानदंडों के आधार पर करता है। अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए। बैंक अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेनों का हिसाब अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली (आईटी सिस्टम) यानी कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) में रखता है, जिससे अर्जक या अनर्जक अग्रिमों की पहचान भी होती है। इसके अतिरिक्त एनपीए का वर्गीकरण और प्रावधान राशि की गणना अन्य आईटी सिस्टम यानी सेन्ट्रलाइज़्ड क्रेडिट डेटा प्रोसेसिंग (सीसीडीपी) ऐप्लीकेशन के माध्यम से की जाती है। आय निर्धारण एवं आस्ति वर्गीकरण मानदंडों का उचित रूप से पालन न किए जाने पर इन अग्रिमों के रखरखाव मूल्य (प्रावधान घटाकर) को या तो अलग-अलग रूप से या समग्र रूप से गलत बताया जा सकता है। लेनदेन की प्रकृति, विनियामक अपेक्षाओं, वर्तमान व्यवसाय परिवेश, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन से जुड़े प्राक्कलन/निर्णय को ध्यान में रखते हुए यह केवल बैंक के वित्तीय विवरण के प्रयोक्ताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है। इन पहलुओं को देखते हुए, हमने इसे एक महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामला माना है। अग्रिमों की शेष राशियों में भारी अंतर के कारण तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा के अंतर्गत आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण एवं प्रावधानीकरण पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है।	ख. बैंक की नीतियों और कार्यविधियों के अनुसार उपलब्ध आंतरिक लेखापरीक्षा, प्रणाली लेखापरीक्षा, ऋण लेखापरीक्षा और संगामी लेखापरीक्षा जैसी निगरानी व्यवस्था और उसकी प्रभावकारिता; ग. भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र/दिशानिर्देशों के अनुपालन के संबंध में तनावग्रस्त अग्रिमों सहित अग्रिमों की जांच; घ. हमने बाहरी आईटी सिस्टम लेखापरीक्षा विशेषज्ञों की रिपोर्टों की भी सहायता ली है। हमने यह सहायता विशेषकर एनपीए का पता लगाने, पहचान करने तथा अग्रिमों का एनपीए के रूप में वर्गीकरण करने एवं सीबीएस में प्रयुक्त बिजनेस लॉजिक्स/पैरामीटर्स के संबंध में ली है। ङ भारतीय रिज़र्व बैंक के उपर्युक्त परिपत्र/निदेशों के अनुसार प्रस्तुति एवं प्रकटीकरण अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हमने सीसीडीपी एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर तथा वित्तीय विवरण तैयार करने के सॉफ्टवेयर के साथ अग्रिमों की मैपिंग की जांच की है। च. हमने अग्रिमों के विभिन्न आंतरिक नियंत्रणों के कारगर होने की भी जांच की है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि सारभूत कार्यविधियों की प्रकृति, समय और व्याप्ति कैसी है और बैंक की मॉनीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत की गई विभिन्न लेखापरीक्षाओं एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण की टिप्पणियों का किस प्रकार अनुपालन किया जा रहा है; छ. हमें लेखापरीक्षा के लिए आबंटित की गई शाखाओं में मूलभूत कार्यविधियों के पालन में हमने बड़े अग्रिमों/दबाव वाले अग्रिमों की जांच की है, जबकि अन्य अग्रिमों की नमूना आधार पर जांच की गई है। हमने बैंक प्रबंध मंडल द्वारा उपलब्ध कराई गई स्वतंत्र मूल्यांकन कर्ताओं की मूल्यांकन रिपोर्टों की समीक्षा के आधार पर भी जांच की है। ज. हमने अनर्जक निवेशों की पहचान करने और तदनुरूपी आय को रिवर्स करने एवं प्रावधान करने की प्रक्रिया की जांच और मूल्यांकन किया है। झ. हमने इसमें अन्य सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों की भी सहायता ली है, जिनके साथ हमने इस विषय में विशेष रूप से पत्र व्यवहार भी किया।
ii	निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और उनके लिए प्रावधान (अनुसूची 8 को वित्तीय विवरण की अनुसची 17 की टिप्पणी 2 के साथ पढ़ा जाए।) निवेश में बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूति, बॉण्ड, डिबेंचर, शेयर, प्रतिभूति रसीद और अन्य अनुमोदित प्रतिभूति में किया गया निवेश शामिल हैं। निवेशों का बैंक की कुल परिसंपत्तियों में 26.50% हिस्सा है। इन पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के परिपत्र और निदेश लागू होते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के इन दिशा-निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ निवेशों का मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान, हिसाब में न ली गई तदनुरूपी आय एवं उसका प्रावधान शामिल हैं।	निवेशों की लेखापरीक्षा हमारे द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों/निदेशों के अनुसार की गई है। इसमें आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन एवं परिचालन प्रभावकारिता को समझना, उनकी समीक्षा एवं जांच करना तथा अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान संबंधी महत्वपूर्ण लेखा कार्यविधियाँ, निवेशों से संबंधित प्रावधानीकरण/मूल्यह्रास शामिल हैं। विशेष रूप से इंसमें क. हमने बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और उसे समझा, ताकि अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान, निवेशों के प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जा सके। ख. हमने इन निवेशों का उचित मूल्य जानने के लिए विभिन्न स्रोतों से जानकारी प्राप्त करने हेतु अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया;

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षकों का उत्तर
	उपर्युक्त प्रत्येक श्रेणी (टाइप) की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और निदेशों के अनुसार किया जाना चाहिए, जिसमें विभिन्न स्रोतों से प्राप्त डेटा/सूचना जैसे कि एफआईएमएमडीए दरें, बीएसई/एनएसई में कोट की गई दरें, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों आदि के वित्तीय विवरण प्राप्त करना शामिल है। मूल्यांकन की जटिलताओं, मूल्यांकन से जुड़े निर्णय, लेनदेनों की मात्रा और हस्तगत निवेशों की मात्रा को देखते हुए इसे महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामलों में शामिल किया गया है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान और अनर्जक निवेश के प्रावधान पर केंद्रित रही।	ग. हस्तगत निवेशों के चुनिंदा नमूने के लिए इनके ठीक होने और भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्रों का अनुपालन किए जाने तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र में प्रत्येक श्रेणी की प्रतिभूति का मूल्यांकन फिर से करने संबंधी निदेशों के पालन की स्थिति की भी हमने जांच की। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद ही किया गया है कि सभी श्रेणियों के निवेशों को (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर) नमूने में शामिल किया गया है; घ. हमने अनर्जक निवेशों की पहचान करने और तदनुरूपी आय को रिवर्स करने एवं प्रावधान करने की प्रक्रिया की जांच और मूल्यांकन किया; ङ. महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा कार्यविधियों का पालन किया गया है, जिससे भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार किए जाने वाले प्रावधान की राशि और मूल्यह्रास की राशि की फिर से गणना की जा सके। तदनुसार हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेशों के चुनिंदा नमूने एकत्रित किए और भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार अनर्जक निवेशों की जांच की। साथ ही हमने उन चुनिंदा अनर्जक निवेशों के नमूनों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के उपर्युक्त परिपत्र/निदेशों के अनुसार किए गए प्रावधान की राशि की भी फिर से गणना की है; च. हमने इनवेस्टमेंट एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर और वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रयुक्त सॉफ्टवेयर के बीच निवेशों की मैपिंग की जांच की, जिससे भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर परिपत्र के अनुसार प्रस्तुति और प्रकटीकरण की अपेक्षाओं का अनुपालन किया जा सका।
iii	प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर, अन्य पक्षों द्वारा दायर वे विविध दावे जिन्हें ऋण नहीं माना गया, सहित कतिपय मुकद्दमों के मामले में प्रावधानों एवं आकस्मिक देयताओं का निर्धारण (अनुसूची 12 जिसे वित्तीय विवरण की अनुसूची 18 की टिप्पणी 18.9 के साथ पढ़ा जाए) : प्रावधानीकरण के स्तर का आकलन करने के लिए उच्च स्तरीय विवेक की आवश्यकता होती है। बैंक द्वारा आकलन करते समय मामले के तथ्यों, अपने स्वयं के विवेक, विगत अनुभव एवं जहाँ आवश्यक था, कानूनी एवं स्वतंत्र कर सलाहकारों के परामर्श का भी सहारा लिया गया है। तदनुसार बैंक द्वारा रिपोर्ट किए गए लाभ और तुलन-पत्र की स्थिति पर अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणामों का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। इन मामलों के परिणामों जिनके लिए कानून की विवेचना में निर्णय लेना जरूरी होता है, से जुड़ी अनिश्चितता को देखते हुए हमने उपर्युक्त क्षेत्र को महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा का मामला माना है। तदनुसार हमारी लेखापरीक्षा समीक्षाधीन विषय के विश्लेषण और विधि निर्णयों/विश्लेषणों पर केंद्रित रही।	हमारी लेखापरीक्षा कार्यविधि में निम्नलिखित शामिल हैं: क. लेखापरीक्षा संबंधी आंतरिक नियंत्रण को समझना, जिससे हम परिस्थितियों के अनुरूप अपनी लेखापरीक्षा कार्यविधियाँ निर्धारित कर सकें, ख. मुकद्दमों/कर निर्धारण की वर्तमान स्थिति को समझना; ग. विभिन्न कर प्राधिकारियों/न्यायिक मंचों से प्राप्त सूचना और/अथवा हाल ही के आदेशों को पढ़ना और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना; घ. प्रस्तुत किए गए आधार और आंतरिक कर विशेषज्ञ के अभिमत सहित उपलब्ध स्वतंत्र कानूनी/कर सहायता के संबंध में विचाराधीन मामले के गुणों का मूल्यांकन; ङ. चर्चा के जरिए बैंक के तकरारों की समीक्षा एवं विश्लेषण, विचाराधीन विषय के विवरण, संभावित परिणाम एवं इन मामलों पर परिणामी संभावित बहिर्वाह आदि के विवरण प्राप्त करना। च. महत्वपूर्ण तकरारों एवं कराधान मामलों से संबंधित प्रकटीकरणों का सत्यापन करना।

क्र. सं.	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले	लेखापरीक्षकों का उत्तर
iv	कोविद-19 महामारी फैलने की वजह से लेखापरीक्षा कार्यविधियों में संशोधन : कोविद 19 महामारी के कारण केंद्र/राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा हमारी लेखापरीक्षा अवधि के दौरान राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन एवं यात्रा प्रतिबंध के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को दूरस्थ व्यवस्था द्वारा लेखापरीक्षा कार्य करने के निदेश दिए गए, जहां भौतिक रूप से जाना संभव नहीं था। शाखाओं/मंडल/प्रशासनिक/कॉरपोरेट कार्यालयों के अधिकारियों के साथ व्यक्तिशह/आमुख वार्ता/चर्चाओं एवं वैयक्तिक बातचीत के जरिए लेखापरीक्षा का प्रमाण हमारे द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के कारण हमने संशोधित लेखापरीक्षा कार्यविधि को प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना है। तदनुसार दूर से लेखा परीक्षा को पूरा करने के लिए हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रिया में संशोधन किया ।	कोविद 19 महामारी के कारण केंद्र/राज्य सरकार/स्थानीय प्रशासन द्वारा हमारी लेखापरीक्षा अवधि के दौरान राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन एवं यात्रा प्रतिबंध लगाए जाने के कारण हम शाखाओं/मंडल/प्रशासनिक/कॉरपोरेट कार्यालयों की यात्रा कर नहीं पाएँ और संबद्ध कार्यालयों पर भौतिक रूप से लेखापरीक्षा प्रक्रिया पूरी कर नहीं पाएँ। जहां कहीं भी जाना संभव नहीं था, वहाँ डिजिटल माध्यम, ई-मेल एवं दूरस्थ व्यवस्था से सीबीएस, सीसीडीपी एवं अन्य संबद्ध एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर की सुविधा के जरिए हमें आवश्यक अभिलेख/रिपोर्ट/दस्तावेज़/प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए। हमें उपलब्ध कराए गए ऐसे दस्तावेजों, रिपोर्टों एवं अभिलेखों के आधार पर लेखापरीक्षा कार्य किया गया। वर्तमान अवधि के दौरान लेखापरीक्षा कार्य करने और रिपोर्टिंग के लिए इन पर लेखापरीक्षा प्रमाण का सहारा लिया गया। तदनुसार हमने अपनी लेखापरीक्षा कार्यविधियों में निम्नानुसार संशोधन किए हैं : क. जहां जाना संभव नहीं था, वहाँ बैंक की कुछ शाखाओं/स्थानीय प्रधान कार्यालयों/प्रशासनिक कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों का दूरस्थ व्यवस्था से/ई-मेल के जरिए आवश्यक अभिलेखों/दस्तावेजों/सीबीएस/सीसीडीपी का सत्यापन किया। ख. ई-मेल के जरिए एवं बैंक के सुरक्षित नेटवर्क के दूर से उपयोग की सुविधा से हमें उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों, विलेखों, प्रमाणपत्रों एवं संबद्ध अभिलेखों की स्कैन की गई प्रतियों का सत्यापन किया। ग. वीडियो कान्फरेंसिंग, मोबाइल पर बातचीत एवं चर्चा, ई-मेल एवं ऐसे संवाद माध्यमों के जरिए पूछताछ करना एवं आवश्यक लेखापरीक्षा सबूत प्राप्त करना। घ. हमारी लेखा परीक्षा टिप्पणियों का समाधान नामित अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बातचीत के बजाय टेलीफोन/ईमेल के माध्यम से किया गया।

अन्य मामले

5. हमने स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में शामिल 9169 शाखाओं के वित्तीय विवरणों/सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिसमें 31 मार्च 2020 को समाप्त बैंक के कुल अग्रिमों रु. 3087788.72 करोड़ और कुल ब्याज आय रु. 120151.17 करोड़ शामिल है। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/सूचनाओं की लेखापरीक्षा, शाखा के लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिसे हमें उपलब्ध कराया गया है और हमारे अभिमत में इन शाखाओं के संबंध में दी गई जानकारियां एवं प्रकटीकरण पूर्णतः उन शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित हैं।

   उपर्युक्त विषयों के संदर्भ में हमारा अभिमत विचार सापेक्ष नहीं है।

केवल बैंक के वित्तीय विवरणों और उन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अतिरिक्त सूचना

6. अन्य सूचना तैयार करने में बैंक का निदेशक बोर्ड जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट (पर इसमें केवल बैंक के वित्तीय विवरणों और उन पर हमारे लेखापरीक्षाओं की रिपोर्ट शामिल नहीं है) सम्मिलित है, जो हम लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं अनुलग्नकों सहित निदेशकों की रिपोर्ट जारी करते समय प्राप्त कर चुके हैं, यह हमें उस तिथि के बाद प्राप्त होने की आशा है।

   केवल बैंक के वित्तीय विवरणों पर हमारा अभिमत अन्य सूचना एवं बासेल III प्रकटीकरणों के अंतर्गत स्तंभ 3 को कवर नहीं करता और हम उस पर कोई आश्वासन-निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं/नहीं करेंगे।

   केवल बैंक के वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखापरीक्षा के संबंध में हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऊपर चिह्नित अन्य सूचना को पढ़ें और ऐसा करते समय यह विचार करें कि क्या अन्य सूचना केवल बैंक के वित्तीय विवरणों से वस्तुपरक रूप से असंगत है अथवा लेखापरीक्षा के दौरान या अन्यथा प्राप्त की गई हमारी जानकारी वस्तुपरक रूप से त्रुटिपूर्ण प्रतीत होती है।

यदि हमें इस लेखापरीक्षा की तिथि से पहले प्राप्त अन्य सूचना पर किए गए हमारे कार्य के आधार पर निष्कर्ष देना हो, तो इस अन्य सूचना को वस्तुगत दृष्टि से त्रुटिपूर्ण कहा जा सकता है। हमसे अपेक्षित है कि हम इस तथ्य की सूचना दें। हमें इस बारे में कोई रिपोर्ट नहीं देनी है।

यदि हम अनुलग्नकों सहित निदेशक रिपोर्ट पढ़ते हैं और यह निष्कर्ष देते हैं कि यह वस्तुगत रूप से त्रुटिपूर्ण है, तो हमसे अपेक्षा की जाती है कि इसकी सूचना गवर्नेंस से जुड़ों को दें और प्रयोज्य कानूनों व विनियमों के अनुसार लागू कार्रवाई बताएं।

केवल बैंक के वित्तीय विवरणों के लिए गवर्नेंस से जुड़ों और प्रबंध मंडल के दायित्व

7. भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानकों सहित भारत में सामान्यतः मान्य लेखाकरण सिद्धांतों, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 की शर्तों, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों व दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के नकदी प्रवाह और उसकी वित्तीय स्थिति व वित्तीय निष्पादन की सही व सटीक जानकारी प्रस्तुत करने वाले इन केवल बैंक के विवरणों को तैयार करने का दायित्व बैंक के निदेशक बोर्ड का है। इस दायित्व में यह भी शामिल है कि बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए अधिनियम की शर्तों के अनुसार लेखा अभिलेखों का समुचित रखरखाव किया जाए, धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं से बचा जाए तथा उनका पता किया जाए, ऐसे निर्णय और आकलन किए जाएं जो औचित्यपूर्ण व विवेकपूर्ण हों, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की डिजाइन, कार्यान्वयन व रखरखाव करें जो हम लेखाकरण अभिलेखों की यथार्थता और संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कर रहे थे, वित्तीय विवरणियों की तैयारी व प्रस्तुति सुसंबद्ध हो जो सही एवं सटीक छवि प्रस्तुत करे और वस्तुगत गलतबयानी से परे हों, चाहे ऐसा धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटि के कारण।

   केवल बैंक के वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय प्रबंध मंडल का दायित्व है कि वह बैंक को एक कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की क्षमता का मूल्यांकन करे और जहाँ लागू हो, कार्यशील संस्था से संबंधित विषय प्रकट करते हुए, कार्यशील संस्था के स्वरूप के आधार पर लेखा तैयार करे, जब तक बैंक का परिसमापन या परिचालन समाप्त करने की प्रबंध मंडल की मंशा नहीं हो, या ऐसा करने के सिवाय दूसरा कोई विकल्प उसके पास न हो।

   बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली पर नजर रखना निदेशक बोर्ड की जिम्मेदारी भी है।

केवल बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा करनेवाले लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी

8. केवल बैंक के वित्तीय विवरण, संपूर्ण रूप में धोखाधड़ी या त्रुटिवश किसी भी प्रकार की गलत बयानी से मुक्त हों, इसका उचित आश्वासन प्राप्त करना और हमारे अभिमत के साथ लेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करना हमारा उद्देश्य है। उचित आश्वासन, उच्च स्तरीय आश्वासन माना जाता है, मगर यह गारंटी नहीं देता कि सांविधिक लेखापरीक्षा के आधार पर की गई लेखापरीक्षा में पाई गई गलत बयानी का दोष निकल पाएगा। गलत बयानी धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न होती है और अलग या समग्र रूप से इन केवल बैंक के वित्तीय विवरणों के आधार पर इनके प्रयोक्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों पर प्रभाव पड़ने की स्थिति में इन्हें ठोस माना जाएगा।

सांविधिक लेखापरीक्षा के अनुरूप की गई लेखापरीक्षा के अनुसार हम लेखापरीक्षा के सभी स्तरों पर व्यावसायिक विवेक और व्यावसायिक संशय बनाए रखते हैं। निम्नलिखित भी इसके दायरे में हैः

- केवल बैंक के वित्तीय विवरणों में निहित गलत बयानी के जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करना, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, उन जोखिमों के अनुरूप लेखापरीक्षा कार्यविधि डिजाइन करना और उस पर कार्रवाई करना और लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त करना जो कि हमारे अभिमत का पर्याप्त तथा संगत आधार बने। धोखाधड़ी के कारण की गई गलत बयानी की पहचान न करने का जोखिम, त्रुटिवश की गई गलत बयानी से भारी हो सकता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, इरादतन भूल-चूक, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण की भरमार भी हो सकती है।
- परिस्थितियों के उपयुक्त लेखा कार्यविधियों को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण को समझें, न कि बैंक के आंतरिक नियंत्रण की प्राभकारिता पर अभिमत देने के प्रयोजन से।
- उपयोग में लाई गई लेखा नीतियों की युक्तिसंगतता तथा प्रबंध मंडल द्वारा किए गए लेखा प्राक्कलनों और संबंधित प्रकटीकरण की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना।
- प्रबंध मंडल द्वारा कार्यशील बैंक आधार पर लेंखांकन के उपयोग तथा प्राप्त लेखापरीक्षा प्रमाण की उपयुक्तता निश्चित करें, जिसके आधार पर ऐसी घटना या परिस्थिति के कारण कोई भारी अनिश्चितता विद्यमान हो और जिससे कार्यशील बैंक के रूप में जारी रहने की बैंक की क्षमता पर संशय होता हो। यदि हम यह निष्कर्ष के रूप में मानते हैं कि भारी अनिश्चितता पाई गई है, तो केवल बैंक के वित्तीय विवरणों में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में संबंधित प्रकटीकरणों की ओर ध्यान देना या ऐसे प्रकटीकरण पर्याप्त नहीं होने पर हमारे अभिमत को संशोधित करना हमारे लिए अपेक्षित होगा। हमारे निष्कर्ष लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि तक के लेखापरीक्षा प्रमाण पर निर्भर हैं। हालांकि भविष्य की घटनाओं या परिस्थितियों के कारण बैंक कार्यशील संस्थान के रूप में नहीं भी बना रह सकता है।
- प्रकटीकरण सहित, केवल बैंक के वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति तथा विषयवस्तु तथा केवल बैंक के वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेनदेनों तथा घटनाओं का सही एवं स्पष्ट चित्र प्रस्तुत किया गया है, इसका मूल्यांकन करना।

  केवल बैंक के वित्तीय विवरणों में गलत बयानी की मात्रा, अलग-अलग रूप से या समग्र रूप से जिससे कि इन वित्तीय विवरणों के आधार पर आर्थिक निर्णय लेनेवाले जानकार यूज़र संभवतः प्रभावित हो सकता है। (i) हमारी लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र की योजना बनाते समय और हमारे कार्य के परिणाम का मूल्यांकन करते समय तथा (ii) वित्तीय विवरणों में पाई गई गलत बयानी का मूल्यांकन करते समय हम मात्रात्मक विषयवस्तु और गुणात्मक घटकों पर विचार करते हैं।

हम, गवर्नेंस से जुड़ों को अन्य बातों के साथ-साथ लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध क्षेत्र और उसकी अवधि, लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम और लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में पाई गई महत्वपूर्ण कमियों के बारे में अवगत कराते हैं।

हम, गवर्नेंस से जुड़ों को इस आशय का विवरण प्रस्तुत करते हैं कि स्वतंत्रता के विषय में एवं ऐसे संबंधों एवं अन्य मामलों की सूचना देने के लिए हमारे द्वारा नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है, जिनका हमारी स्वतंत्रता एवं जहां लागू हो तत्संबंधी बचाव पर प्रभाव पड़ सकता है।

गवर्नेंस से जुड़ों को सूचित मामलों से हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं, जो चालू अवधि के केवल बैंक के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण है और इसीलिए ये मामले महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले हैं। हम लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में इन महत्वपूर्ण मामलों का उल्लेख करते है, बशर्ते कि लागू कानून या विनियमों में इनके सार्वजनिक प्रकटीकरण पर रोक नहीं लगाई गई हो या अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में हम निर्णय लेते हैं कि हमारी रिपोर्ट में इस मामले की सूचना न दी जाए, क्योंकि उसके विपरीत नतीजे जनहित के लिए घातक साबित हो सकते है।

अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

9. तुलनपत्र और लाभ एवं हानि खाता बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किए गए हैं और ये भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 तथा उसके अंतर्गत बने विनियमों के उपबंधों के अनुसार अपेक्षित जानकारी प्रदान करते हैं।

उपर्युक्त पैराग्राफ 5 से 6 की सीमाओं का अतिक्रमण न करते हुए एवं भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की अपेक्षाओं के अनुरूप एवं तत्संबंधी अपेक्षित प्रकटीकरणों की सीमाओं के अंतर्गत रहते हुए तथा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 30 की उप-धारा (3) के अंतर्गत अपेकषा के अनुसार हम निम्नानुसार अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं किः

क. हमने सभी प्रकार की ऐसी जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त की, जो हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के प्रयोजन आवश्यक था और हमने इस जानकारी और स्पष्टीकरण को संतोषजनक पाया है;

ख. हमारी जानकारी में आए बैंक के लेनदेन बैंक के अधिकार-क्षेत्र में ही हैं;

ग. बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से उचित पाई गई हैं।

10. हम आगे रिपोर्ट करते हैं किः

क) हमारे अभिमत में, कानून द्वारा अपेक्षित उचित खाता बहियाँ बैंक द्वारा रखी गई हैं, क्योंकि ऐसा उन खाता बहियों की हमारी जांच से प्रतीत होता है और हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए पर्याप्त विवरणियां हमें उन शाखाओं से प्राप्त हुई हैं, जहां हम नहीं गए।

ख) इस रिपोर्ट में सम्मिलित तुलन-पत्र, लाभ और हानि खाते तथा नकदी प्रवाह विवरण लेखा बहियों और उन शाखाओं से प्राप्त विवरणियों के अनुरूप हैं, जिनका दौरा हमारे द्वारा नहीं किया गया।

ग) बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 के प्रावधानों के अनुसार बैंक के शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित कार्यालयों के खातों की रिपोर्टें हमें भेजी गई हैं और इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा ठीक से शामिल किया गया है; तथा

घ) हमारे अभिमत के अनुसार, तुलनपत्र, लाभ और हानि खाता तथा नकदी प्रवाह विवरण लागू लेखा मानकों के इस सीमा तक अनुरूप हैं कि ये आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों से असंगत नहीं हैं।

11. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षकों (एससीए) की नियुक्ति पर वित्तीय वर्ष 2019-20 से एससीए की रिपोर्टिंग दायित्व के लिए आरबीआई द्वारा जारी पत्र सं.डीओएस/एआरजी/सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च 2020 की अपेक्षानुसार और बाद में दिनांक 19 मई 2020 की सूचना के अनुसार हम उपरोक्त पत्र के पैराग्राफ 2 में निर्दिष्ट मामलों के बारे में नीचे रिपोर्ट करते हैं।

क. हमारे अभिमत में उपर्युक्त केवल बैंक के वित्तीय विवरण भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानकों के उस सीमा तक अनुरूप है कि ये भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के अनुरूप नहीं हैं।

ख. वित्तीय लेन-देन या ऐसे मामलों पर कोई पर्यवेक्षण या टिप्पणियां नहीं हैं जिनका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

ग. 31 मार्च 2020 तक निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों जिन्हें बोर्ड के निदेशकों ने रिकार्ड में लिया है, के आधार पर 31 मार्च 2020 से किसी भी निदेशक को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्ति हेतु अपात्र नहीं पाया गया।

घ. खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई अर्हता आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं हैं ।

ङ. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 19 मई 2020 को दी गई अनुमति के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 से "वित्तीय विवरणों से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण" की रिपोर्टिंग संबंधी अपेक्षा को लागू करने के बैंकों के विकल्प के अलावा, देने के लिए हमारी कोई टिप्पणी नहीं है।

कृते जे.सी. भल्ला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

राजेश सेठी
भागीदार: स. क्र. 085669
फर्म पंजी सं. 001111 एन
यूडीआईएन: 20085669AAAABA7352
स्थान: नई दिल्ली

कृते रे एंड रे
सनदी लेखाकार

अरविन्द नारायण योनेमडी
भागीदार: स.क्र. 031004
फर्म पंजी सं.301072 ई
यूडीआईएन: 20031004AAAABW9223
स्थान: मुंबई

कृते के. वेंकटाचलम अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ए. गोपालकृष्णन
भागीदार: स.क्र. 018159
फर्म पं.क्र.004610 एस
यूडीआईएन: 20018159AAAAAF4367
स्थान: एर्नाकुलम

कृते जी.पी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

सुनीता केडिया
भागीदार: स.क्र. 60162
फर्म पं.क्र. 302082 ई
यूडीआईएन: 20060162AAAABC8718
स्थान: कोलकाता

कृते उमामहेश्वर राव एंड कं.
सनदी लेखाकार

जी. शिव रामकृष्ण प्रसाद
भागीदार: स.क्र. 024860
फर्म प. क्र. 004453 एस
यूडीआईएन: 20024860AAAAAJ5174
स्थान: हैदराबाद

कृते चतुर्वेदी एंड शाह एलएलपी
सनदी लेखाकार

विठेश डी. गांधी
भागीदार: स.क्र. 110248
फर्म पं.क्र.101720 डबल्यू / डबल्यू 100355
यूडीआईएन: 20110248AAAAAP1448
स्थान: मुंबई

कृते ओ.पी. तोतला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

एस.आर. तोतला
भागीदार: स.क्र. 071774
फर्म पं.क्र. 000734 सी
यूडीआईएन: 20071774AAAAAQ6602
स्थान: इन्दौर

कृते एस.के. कपूर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

वी. बी. सिंह
भागीदार: स.क्र. 073124
फर्म पं.क्र. 000745 सी
यूडीआईएन: 20073124AAAABV9783
स्थान : कानपुर

कृते एससीवी एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार

संजय वासुदेवा
भागीदार: स.क्र. 090989
फर्म पं.क्र. 000235 एन / एन500089
यूडीआईएन: 20090989AAAAAC6930
स्थान: नई दिल्ली

कृते खंडेलवाल जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार

पंकज जैन
भागीदार: स.क्र. 48850
फर्म प. क्र. 105049 डबल्यू
यूडीआईएन: 20048850AAAAAB9318
स्थान: मुंबई

कृते एस. के. मित्तल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

एस मूर्ति
भागीदार: स.क्र. 072290
फर्म पं.क्र. 001135 एन
यूडीआईएन: 20072290AAAABD1545
स्थान: नई दिल्ली

कृते एन.सी. राजगोपाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

वी. चंद्रशेखरन
भागीदार: स.क्र. 024844
फर्म पं.क्र. 230448 एस
यूडीआईएन: 20024844AAAABB9243
स्थान: चेन्नई

कृते कर्णावट एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

विरल जोशी
भागीदार: स.क्र. 137686
फर्म पं.क्र.104863 डबल्यू
यूडीआईएन: 20137686AAAACM1164
स्थान: मुंबई

कृते शाह गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

विपुल के चोकसी
भागीदार: स.क्र. 37606
फर्म पं.क्र.109574 डबल्यू
यूडीआईएन: 20037606AAAAAW5094
स्थान: मुंबई

दिनांक: 5 जून 2020